भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK BHASKAR DELHI 19 MARCH 2026

भास्कर ग्राउंड रिपोर्ट जेवर में इंटरनेशनल एयरपोर्ट तैयार, 28 को उद्घाटन के आसार

नोएडा एयरपोर्ट: मिनटों में सुरक्षा जांच, बैगेज स्कैनिंग 5 गुना तेज... 20 मिनट में बोर्डिंग संभव

कृष्ण मोहन तिवारी
नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से

शुरुआत के 45 दिन बाद 10 घरेलू रूट पर उड़ान

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) के पार्किंग एरिया से फोरकोर्ट जाने की सीढ़ियां चढ़ेंगे तो वाराणसी व हरिद्वार के घाटों की झलक मिलेगी। यहां पश्चिम यूपी की विशाल हवेलियों की तर्ज पर बने फोरकोर्ट में सैकड़ों वर्कर्स काम पूरा कर रहे हैं। एनआईए की टीमें मॉक ड्रिल कर रही हैं, ताकि एयरपोर्ट खुले तो कोई दिक्कत न आए। करीब 1334 हेक्टेयर में फैला यह एयरपोर्ट एरिया के हिसाब से देश का चौथा बड़ा एयरपोर्ट होगा। खूबी यह है कि एंट्री के बाद 20 मिनट से कम में से बोर्डिंग संभव है। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा, पीएम नरेंद्र मोदी से शुभारंभ 28 मार्च को करने के लिए आग्रह किया गया है।

नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने हाल ही में कहा था, उद्घाटन के 45 दिन में ऑपरेशन शुरू होगा। शुरुआत 10 घरेलू रूट्स से होगी। सूत्रों के मुताबिक मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, लखनऊ तय हैं। वाराणसी, जयपुर, चेन्नई, पटना, अहमदाबाद, श्रीनगर की भी उड़ान हो सकती हैं। शुरू में घरेलू उड़ानें होंगी और एयरपोर्ट दिन में ही ऑपरेशनल रहेगा। फिर रात की फ्लाइट शुरू होंगी। विदेशी उड़ानों को इंतजार करना पड़ेगा, क्योंकि ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी-एयरोड्रोम सिक्योरिटी प्रोग्राम की मंजूरी बाकी है। शेष पेज 10 पर

भविष्य: 1 करोड़ यात्री पूरे होते ही दूसरा फेज

पहले फेज में एयरपोर्ट क्षमता 1.2 करोड़ यात्रियों की है। एक करोड़ यात्री पहुंचते ही दूसरा फेज शुरू होगा। टी1 के ठीक सामने उसका दर्पण प्रतिबिंब टी2 बनेगा। बीच में फोरकोर्ट, घाट जैसी सीढ़ियां। क्षमता 3 करोड़, फिर 5 करोड़ और 7 करोड़ तक बढ़ेगी। 2050 तक सभी चार फेज पूरे होने हैं।

- अभी सिंगल रनवे है। हर घंटे 35-40 लैंडिंग और टेकऑफ संभव। रनवे 3,900 मीटर लंबा।
- 28 विमान पार्क हो सकेंगे। पार्किंग में रिफ्यूलिंग की सुविधा।
- **कनेक्टिविटी:** यह एयरपोर्ट यमुना एक्सप्रेसवे से जुड़ा है। दिल्ली-एनसीआर, आगरा, मथुरा-वृंदावन से सीधी कनेक्टिविटी। ईस्टर्न पेरिफेरल, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे लिंक और नए कॉरिडोर इसे उत्तर भारत का प्रमुख एविएशन हब बनाएंगे। मेट्रो-रैपिड रेल कनेक्टिविटी पर काम जारी।

एंट्री से बोर्डिंग तक पूरी तरह स्मार्ट... 48 चेक इन काउंटर तैयार, दिल्ली एयरपोर्ट से एक-तिहाई कम चलना होगा...

स्टेप 1: डिपार्चर के लिए छह गेट तैयार

फोरकोर्ट से डोमेस्टिक डिपार्चर के लिए पहले फ्लोर पर जाना होगा। कुल छह गेट हैं। सभी डिजी यात्रा बायोमैट्रिक सिस्टम से लैस हैं, यानी चेहरा ही बोर्डिंग पास होगा। डिजीयात्रा न होने पर मैन्युअल चेक-इन भी रहेगा।

स्टेप 2: 30 सेकंड में खुद जमा करें बैग

सेल्फ बैग ड्रॉप सिस्टम है। 30 सेकंड में बैग जमा कर सकेंगे। एक मशीन प्रति घंटे 80 से 100 यात्रियों को हैंडल कर सकती है, जो मैन्युअल काउंटर से 4 गुना तेज है। 48 चेक इन काउंटर, 9 सिक्योरिटी लेन्स, 19 इमिग्रेशन काउंटर।

स्टेप 3: हाई स्पीड सिस्टम से बैगेज जांच

सीमेंस वैरियो-ट्रे सिस्टम पर हर मिनट 60 ट्रे गुजरेंगी। स्पीड 10 मीटर/सेकंड, जो दिल्ली एयरपोर्ट के आईसीएस के 2.1 मी/सेकंड से 5 गुना तेज। ये सिस्टम दुबई, बीजिंग, पेरिस जैसे एयरपोर्ट पर है। 13 सुरक्षा गेट, 6 एक्सरे जोन हैं।

स्टेप 4: 60 मीटर का कॉरिडोर...बोर्डिंग

सुरक्षा जांच के बाद करीब 60 मीटर का कॉरिडोर पार करना होगा। एंट्री से बोर्डिंग गेट तक 20 मिनट में पहुंच सकते हैं। अगर, दिल्ली से तुलना करें तो, टी3 में एंट्री से लेकर बोर्डिंग तक करीब 15-30 मिनट की वॉकिंग है।

सभी सीट पर चार्जिंग... 70% सामान्य चेयर हैं, सभी में चार्जिंग पॉइंट हैं। वाई-फाई के साथ 20% वर्क स्टेशन हैं। 10% स्लीपिंग-रिक्लाइनर चेयर हैं। प्रेयर रूम और बच्चों के लिए अलग प्ले एरिया।

फूड, लाउंज में मथुरा के पेड़े और कचौरी के साथ ग्लोबल अनुभव...होटल भी बन रहा

यह फूड-बेवरेजेस में लोकल से ग्लोबल स्वाद मिलेगा। बेड़मी पूरी-आलू की सब्जी, मथुरा के पेड़े, कचौड़ी, जलेबी जैसे स्थानीय व्यंजन के साथ केएफसी, सबवे, डोमिनोज जैसे विकल्प मिलेंगे। एयरपोर्ट परिसर में ही 220 कमरों वाला लग्जरी 'रोजिएट' होटल है, जिसमें डिजिटल चेक-इन और प्रीमियम सुविधाएं होंगी।

नोएडा एयरपोर्ट: मिनटों में सुरक्षा...

जेवर एयरपोर्ट: देश का पहला नेट-जीरो एनर्जी टर्मिनल होगा

10 मेगावाट सोलर पार्क से ग्रीन एनर्जी, सभी वाहन भी इलेक्ट्रिक। हवेली कॉन्सेप्ट से दिन में प्राकृतिक रोशनी, आर्टिफिशियल लाइट की जरूरत कम पड़ेगी।

स्मार्ट फसाड: पश्चिमी दीवार 70% गर्मी रोकती है, उत्तरी दीवार से रनवे व्यू। साल के 8 महीने प्राकृतिक हवा, एसी पर निर्भरता कम। गेट एरिया में ज्यादा कूलिंग, बाकी जगह कम इससे ऊर्जा की भारी बचत होगी।

कम चलना... तेज प्रोसेस यही एयरपोर्ट की पहचान

एयरपोर्ट की सबसे बड़ी पहचान कम चलना, छोटी कतारें और तेज प्रोसेस होगी। इंडिगो लॉन्च पार्टनर है, अकासा, एयर इंडिया एक्स. से करार हो चुका है। दुबई-हीथ्रो जैसा इंटरनेशनल ट्रांजिट हब बनने की क्षमता है। -क्रिस्टोफ श्नेलमान, सीईओ, एयरपोर्ट

कम दृश्यता में भी जेवर एयरपोर्ट से उड़ानें सुनिश्चित: पढ़ें बिजनेस पेज पर

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DESHBANDHU DELHI 19 MARCH 2026

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बताया गेमचेंजर, कहा

उत्तर प्रदेश की एयर कनेक्टिविटी में होगी ऐतिहासिक बढ़ोतरी

ग्रेटर नोएडा, 18 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'नव निर्माण के 9 वर्ष' कार्यक्रम के दौरान नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए गेमचेंजर बताया। उन्होंने कहा कि जेवर में तैयार हो चुका यह एयरपोर्ट देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा और इसके लोकार्पण के लिए 28 मार्च की तिथि प्रस्तावित करते हुए प्रधानमंत्री को आमंत्रण भेजा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट शुरू होते ही उत्तर प्रदेश की एयर कनेक्टिविटी में ऐतिहासिक बढ़ोतरी होगी। इससे न केवल निवेश को गति मिलेगी, बल्कि प्रदेश सरकार को लगभग एक लाख करोड़ रुपये तक की आय होने का अनुमान है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि एयरपोर्ट के साथ विकसित हो रहा पूरा क्षेत्र यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक क्षेत्र, देश का नया आर्थिक हब बन रहा है, जहां तेजी से उद्योग, लॉजिस्टिक्स और इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार हो रहा है। सीएम के अनुसार, बेहतर कनेक्टिविटी, मजबूत नीतियां और निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल ने यूपी को निवेश का प्रमुख केंद्र बना दिया है, जिसमें जेवर एयरपोर्ट की भूमिका निर्णायक साबित होगी।

इसी महीने पूरा हो रहा गंगा एक्सप्रेसवे का कार्य

सीएम योगी ने 2017 के पहले राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर की दुर्दशा का जिक्र किया, फिर अपनी सरकार के कार्यों को गिनाया। उन्होंने कहा कि देश का 55 फीसदी एक्सप्रेसवे यूपी के पास है। गंगा एक्सप्रेसवे इसी महीने पूरा हो रहा है। इसके पश्चात यूपी का शेयर 60 फीसदी हो जाएगा। यूपी ने इंटरस्टेट, इंटरनेशनल, फोरलेन कनेक्टिविटी को बेहतर किया है। मैत्रीद्वार बनाए गए

■ **नोएडा एयरपोर्ट के लोकार्पण की उलटी गिनती शुरू, 28 मार्च के लिए पीएम को आमंत्रण**

हैं। सीएम ने यूपी में आए परिवर्तनों को भी इंगित किया और कहा कि हर जिला मुख्यालय फोरलेन, ब्लॉक-तहसील मुख्यालय टू लेन-फोर लेन कनेक्टिविटी से जुड़ा है।

सिंगापुर, जापान व जर्मनी से बड़े पैमाने पर आने वाले हैं निवेशक

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अभी हम लोग जापान और सिंगापुर की यात्रा पर गए थे। मेरे साथ वित्त व औद्योगिक विकास मंत्री भी थे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व आईटी मंत्री जर्मनी की यात्रा पर गए थे। उन देशों में सभी वरिष्ठ मंत्री व इंडस्ट्री लीडर्स कहते थे कि हम यूपी में इसलिए आ रहे हैं, क्योंकि वहां जीरो टॉलरेंस व जीरो करप्शन की नीति है। सीएम योगी ने कहा कि यूपी निवेश का बेहतरीन

देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनेगा आर्थिक ग्रोथ का इंजन, यूपी को मिलेगा 1 लाख करोड़ रुपए का राजस्व : योगी आदित्यनाथ

डेस्टिनेशन बनकर उभरा है। सिंगापुर, जापान और जर्मनी से बड़े निवेशक यूपी आने वाले हैं। अभी से पत्र आने प्रारंभ हो गए हैं। सरकार ने इस पर कार्य भी शुरू कर दिया है। जिस प्रदेश में कोई निवेशक नहीं आता था, वहां अब तक 15 लाख करोड़ के निवेश की ग्राउंड ब्रेकिंग हो चुकी हैं। छह लाख करोड़ रुपए का निवेश ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार है। हर जिले में निवेश हो रहा है। हमारे पास व्यापक लैंडबैंक है। 34 सेक्टोरल पॉलिसीज, निवेश मित्र व निवेश सारथी जैसी उद्यम समर्थित व्यवस्थाएं है। प्रदेश इस दिशा में आगे बढ़ा है।

'सुरक्षा, पॉलिसी, लैंडबैंक व सरकार की नीयत नहीं होने से 2017 के पहले नहीं आते थे निवेशक'

सीएम योगी ने कहा कि यूपी में 2017 से पहले निवेशक नहीं आता था, क्योंकि यहां सुरक्षा, पॉलिसी, लैंडबैंक और सरकार की नीयत भी नहीं थी। 1947 से 2017 तक बमुश्किल 14 हजार से कम उद्योग थे, आज राज्य में अब तक 31 हजार बड़े उद्योग लग चुके हैं। यूपी में 96 लाख एमएसएमई यूनिट कार्यरत हैं, जिसमें 3.11 करोड़ लोग कार्यरत हैं। 31 हजार से अधिक उद्योगों में 65 लाख से अधिक लोग कार्य कर रहे हैं। निवेश तब आता है, जब सरकार की नीयत अच्छी होती है।

नोएडा जाने के अपशकुन को हमने उखाड़ फेंका

सीएम ने पिछली सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग हमारी आस्था को अंधविश्वास बोलते थे, वे नोएडा नहीं जाते थे। उन्हें लगता था नोएडा जाएंगे तो कुर्सी चली जाएगी। मुझे दायित्व मिला तो मैंने कहा कि नोएडा जाएंगे। लोगों ने कहा कि जो मुख्यमंत्री नोएडा जाते हैं, उनकी कुर्सी चली जाती है। मैंने कहा कि कुर्सी आज चली जाए, लेकिन प्रदेश का भला होगा तो नोएडा जाएंगे और विकास पर लगे बैरियर को हटाएंगे।

नोएडा, ग्रेटर नोएडा आज देश के विकास में योगदान दे रहे हैं। यदि हम लोग नोएडा नहीं जाते तो देश में 55 फीसदी मोबाइल की मैन्युफैक्चरिंग और इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट का 60 फीसदी निर्माण यूपी में नहीं हो पाता। नोएडा जाना यूपी के लिए अपशकुन बना दिया गया था। तब के मुख्यमंत्री उसका माध्यम बने थे। हमने कहा कि अपशकुन को उखाड़ फेकेंगे और इसे विकास में बाधा नहीं बनने देंगे।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DECCAN HERALD BANGALORE 18 MARCH 2026

Airport push must pass viability test

The renewed push to build an airport in Ballari has again brought to the fore a familiar dilemma in infrastructure planning: should such projects be guided by economic viability or by political optics? The discussion assumes urgency as the Karnataka government prepares to hold a meeting between Chief Minister Siddaramaiah and legislators from Ballari, Vijayanagara, and Koppal to explore the possibility of establishing a common airport for the region. The proposal deserves careful consideration, but it must not be reduced to a prestige contest among districts. Airports are among the most capital-intensive public infrastructure projects. Once built, they demand continuous expenditure on maintenance, security, and navigation systems. If passenger demand is weak, such facilities quickly turn into white elephants.

Unfortunately, the experience of India's regional aviation programme offers ample evidence of this risk. The UDAN Scheme was launched to democratise air travel by connecting smaller cities. While it brought nearly a hundred airports onto the aviation map, many were reduced to silent terminals once the initial subsidy period ended. Under the scheme, airlines receive viability gap funding for only three years. When this support expires, carriers operating on thin margins often withdraw from routes that cannot sustain commercial operations. Across the country, several airports built with great fanfare now see little or no traffic. The pattern is visible even in Karnataka. Airports in Mysuru and Shivamogga handle just a handful of services, while Kalaburagi has struggled to maintain consistent connectivity. These examples highlight that airports cannot thrive merely because they are built; they survive only when passenger demand justifies their existence. This is why the suggestion of creating a single, strategically located airport to serve Ballari, Vijayanagara, and Koppal merits attention. A consolidated regional hub, accessible to neighbouring districts and even parts of Andhra Pradesh, would concentrate passenger traffic and improve the chances of commercial sustainability. Building airports for each district may satisfy local pride, but it risks repeating the costly mistakes seen elsewhere.

Passenger demand and economic sustainability should shape the Ballari airport proposal

The Karnataka government's proposal to extend the subsidy framework and develop its own civil aviation policy is welcome. However, policy reform alone will not suffice unless infrastructure decisions are grounded firmly in rigorous feasibility studies. Many airports have been built in places where road and rail connectivity are excellent, making air travel an unnecessary and more expensive option. Infrastructure must serve people, not political symbolism. Airports will truly take flight only when they are economic gateways that sustain connectivity and growth. They must be built on viability, not vanity.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK JAGRAN DELHI 19 MARCH 2026

28 मार्च को नोएडा एयरपोर्ट के लोकार्पण की तैयारी

राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊ: देश के सबसे बड़े इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए इंतजार खत्म होने जा रहा है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन 28 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अपनी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश का पांचवां अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट जेवर में तैयार है। हमने 28 मार्च को इसके लोकार्पण के लिए पीएम से अनुरोध किया है। नोएडा एयरपोर्ट से प्रदेश सरकार को एक लाख करोड़ रुपये की आय होगी।

करीब 1300 हेक्टेयर में बना नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट एक ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट है, जिसे पीपीपी माडल के तहत विकसित किया गया है। इसका पहला चरण सितंबर 2024 में ही पूरा किया जाना था, लेकिन तकनीकी और निर्माण कारणों से इसमें देरी हुई।

समय के अभाव में अप्रैल तक टल सकता है शुभारंभ

जागरण, जेवर: नोएडा एयरपोर्ट के उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारी जोर-शोर से चल रही हैं। सूत्रों का कहना है कि अभी तक प्रधानमंत्री कार्यालय से लोकार्पण की तिथि की घोषणा नहीं हुई है। संभावित 26 से 28 मार्च के कार्यक्रम के लिए अब समय बहुत कम बचा है। भाजपा लोकार्पण कार्यक्रम के लिए प्रधानमंत्री की भव्य रैली कराना चाहती है जिसके लिए कम से कम 15 से 20 दिनों के समय की आवश्यकता है। ऐसे में माना जा रहा कि एयरपोर्ट के लोकार्पण का कार्यक्रम अप्रैल में पांच राज्यों में मतदान से पूर्व कराया जाए।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

RS DAINIK JAGRAN DELHI 19 MARCH 2026

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का 28 मार्च को उद्घाटन कर सकते हैं प्रधानमंत्री

राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ : देश के सबसे बड़े नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए इंतजार खत्म होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 मार्च को इसका उद्घाटन कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अपनी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, 'प्रदेश का पांचवां अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट जेवर में तैयार है। हमने 28 मार्च को इसके लोकार्पण के लिए प्रधानमंत्री से अनुरोध किया है। जेवर एयरपोर्ट से अर्थव्यवस्था में तेजी से बढ़ोतरी होगी और प्रदेश सरकार को एक लाख करोड़ रुपये की आय होगी।' पहले चरण में करीब 1300 हेक्टेयर में बना एयरपोर्ट एक ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट है, जिसे पीपीपी माडल के तहत विकसित किया गया है। इसका पहला चरण सितंबर 2024 में ही पूरा किया जाना था, लेकिन तकनीकी और निर्माण कारणों से इसमें देरी हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश का 55 प्रतिशत एक्सप्रेसवे नेटवर्क यूपी के पास है। गंगा एक्सप्रेसवे इसी महीने पूरा हो रहा है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK NAVJYOTI JAIPUR 17 MARCH 2026

जयपुर एयरपोर्ट पर आज से नोटम लागू रोज 4 घंटे फ्लाइट संचालन बंद

नवज्योति,जयपुर। जयपुर एयरपोर्ट पर 17 से 23 मार्च तक नोटम लागू रहेगा, जिसके चलते रोजाना चार घंटे तक फ्लाइट संचालन प्रभावित रहेगा। इस अवधि में दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक एयरपोर्ट से किसी भी फ्लाइट का संचालन नहीं किया जाएगा। नोटम के कारण कुल 6 फ्लाइट्स को रिशेड्यूल किया गया है, जबकि 2 फ्लाइट्स एक सप्ताह के लिए रद्द रहेंगी और एक फ्लाइट की फ्रिक्वेंसी घटाई गई है। नोटम के चलते एयर इंडिया की दो फ्लाइट्स के समय में बदलाव किया गया है। दिल्ली जाने वाली फ्लाइट अब दोपहर 1.30 बजे के बजाय 12.55 बजे रवाना होगी, जबकि मुंबई जाने वाली फ्लाइट दोपहर 1.35 बजे के बजाय 12.45 बजे रवाना होगी। इसी तरह इंडिगो की सूरत जाने वाली फ्लाइट जो पहले दोपहर 2.20 बजे उड़ान भरती थी वह अब 12.50 बजे जाएगी। स्पाइसजेट की मुंबई जाने वाली फ्लाइट का समय भी बदला गया है। यह फ्लाइट पहले दोपहर 3.05 बजे रवाना होती थी, लेकिन नोटम अवधि के दौरान अब रात 9.50 बजे उड़ान भरेगी। वहीं शाम 5.05 बजे जाने वाली एयर इंडिया की दिल्ली फ्लाइट अब शाम 5.40 बजे जाएगी, जबकि शाम 5.10 बजे इंडिगो की नवी मुंबई फ्लाइट अब शाम 5.50 बजे रवाना होगी। नोटम के कारण दो फ्लाइट्स को अस्थायी रूप से रद्द भी किया गया है। इंडिगो की दोपहर 1.25 बजे जयपुर से अहमदाबाद जाने वाली फ्लाइट और दोपहर 1.55 बजे दिल्ली जाने वाली फ्लाइट 17 से 23 मार्च तक रद्द रहेंगी। ये दोनों फ्लाइट्स 24 मार्च से फिर से नियमित रूप से संचालित होंगी। इसके अलावा इंडिगो की चंडीगढ़ फ्लाइट की फ्रिक्वेंसी भी घटा दी गई है। सामान्य दिनों में यह फ्लाइट सप्ताह में पांच दिन संचालित होती है, लेकिन नोटम अवधि में वह केवल एक दिन चलेगी। 22 मार्च को यह फ्लाइट दोपहर 1.45 बजे के बजाय 12.50 बजे रवाना होगी।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

Corporate Communications Directorate

THE FINANCIAL EXPRESS DELHI 19 MARCH 2026

PM MAY OPEN NOIDA AIRPORT ON MARCH 28

UTTAR PRADESH CHIEF Minister Yogi Adityanath on Wednesday said a request had been sent to Prime Minister Narendra Modi to inaugurate the Noida International Airport at Jewar on March 28. He was speaking at an event in Lucknow.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

HINDUSTAN DELHI 19 MARCH 2026

नोएडा एयरपोर्ट का शुभारंभ 28 को होने की संभावना

प्रोजेक्ट अपडेट 1

लखनऊ/ग्रेटर नोएडा, हिटी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से 28 मार्च को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का लोकार्पण करने का अनुरोध किया है। शुभारंभ के बाद अर्थव्यवस्था में और तेजी आएगी। प्रदेश सरकार को एक लाख करोड़ रुपये की आय होगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इसी महीने गंगा एक्सप्रेसवे का कार्य पूरा हो जाएगा। जापान, सिंगापुर और जर्मनी के मंत्री और निवेशक कहते हैं कि यूपी में जीरो टॉलरेंस और जीरो करप्शन की नीति है इसीलिए वे निवेश करने आ रहे हैं। वहीं, जिला प्रशासन ने कार्यक्रम स्थल के आसपास की सड़कों समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने का काम शुरू कर दिया है।

> नोएडा एयरपोर्ट के उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारी चल रही है। मौके पर पंडाल लगाने और कुर्सियां बिछाने का कार्य जारी है। हालांकि, उद्घाटन की तिथि को लेकर शासन से कोई आदेश प्राप्त नहीं हुए। -**आरके सिंह**, सीईओ, यीडा

जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि बुधवार को मुख्यमंत्री ने लखनऊ में ऐलान किया कि नोएडा एयरपोर्ट के उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री को न्योता भेजा गया है। हालांकि, अभी पीएमओ से तिथि घोषित नहीं की गई है। जिलास्तर पर इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की दिशा में कार्य शुरू कर दिए गए हैं। दूसरी ओर, जिला प्रशासन और एयरपोर्ट प्रबंधन भी तैयारियों में जुटा हुआ है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE HINDUSTAN TIMES DELHI 19 MARCH 2026

Invited PM to inaugurate Noida int'l airport on March 28: UP CM

Vinod Rajput
vinod.rajput@htlive.com

GREATER NOIDA: Uttar Pradesh chief minister Yogi Adityanath on Wednesday said he has invited Prime Minister Narendra Modi to inaugurate Noida International Airport on March 28 as it is ready to start the domestic and cargo operations.

"The international airport at Jewar is ready and will be the largest in the country. We have invited the Prime Minister to inaugurate it on March 28. Jewar airport will boost economic growth and generate ₹1 lakh crore revenue for the state government," said Yogi in an address delivered during a release of a book "Nav Nirman ke 9 Varsh" in Lucknow.

Official said that the Prime Minister's Office is yet to give confirmation for the March 28 inauguration event.

Yogi said the Jewar located Noida International Airport will be the fifth international airport in UP.

He said the UP has now transformed into an infrastructure-focused state with the largest railway network in the country, adding that metro services are operational in seven cities – Lucknow, Kanpur, Agra, Noida, Greater Noida, Ghaziabad and Meerut, and there are 16 airports operational in the state.

Meanwhile, on Tuesday, Gautam Budh Nagar district magistrate Medha Roopam, convened a meeting of the Airport Emergency Planning Committee (AEPC) and Airport Environment Management Committee (AEMC) to review the airport's emergency preparedness, structured coordination, and modern infrastructure, said officials.

During the meeting, the DM emphasised on the need for a robust coordination among all partner agencies to ensure timely, effective, and integrated response in any emergency situation. She ordered that drones will not be allowed in the no-flying zone and laser lights will be prohibited within 18 kilometres of the airport perimeter.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

MILLENNIUM POST DELHI 19 MARCH 2026

Noida Airport likely to be inaugurated on March 28

BISWAJEET BANERJEE

LUCKNOW: The Yogi Adityanath government has proposed March 28 for the inauguration of the Noida International Airport at Jewar, with an invitation extended to Prime Minister Narendra Modi to preside over the ceremony.

Talking about air connectivity, he mentioned that 16 airports are operational in the state, including four international airports. "Fifth international airport at Jewar is ready and will be the largest in the country. We have invited Prime Minister to inaugurate it on March 28," Chief Minister Yogi Adityanath said.

Speaking at an event marking nine years of his government in Uttar Pradesh, Chief Minister Adityanath said the airport would be a major economic driver for the state. He said the project is expected to contribute around Rs 1 lakh crore to the state's economy.

> **"The greenfield airport, located on the outskirts of Noida, is being developed under a public private partnership model"**

The development comes after the Directorate General of Civil Aviation granted the aerodrome licence for the Jewar airport on March 6, clearing the final regulatory requirement for the commencement of flight operations. The licence permits both domestic passenger services and cargo operations.

Officials said the airport infrastructure is largely ready, with final operational arrangements and staff deployment expected to be completed shortly. Shailendra Bhatia, nodal officer of Noida International Airport Limited, had earlier indicated that the project is in its final stages of readiness.

The greenfield airport, located on the outskirts of Noida, is being developed under a public private partnership model. Once fully operational, it is expected to rank among the largest airports in the country.

In its first phase, the project covers around 1,300 hectares and includes a runway and a terminal capable of handling about 1.2 crore passengers annually, according to officials.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

NAVBHARAT TIMES DELHI 19 MARCH 2026

सिर्फ 10 दिन में शुरू होगा नोएडा एयरपोर्ट

■ NBT रिपोर्ट, ग्रेटर नोएडा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 28 मार्च को नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट के लोकार्पण के लिए प्रधानमंत्री को न्योता देने के बयान के साथ ही यहां तैयारियों ने गति पकड़ ली है। शुभारंभ समारोह और जनसभा के लिए टेंट लगने का काम शुरू हो गया है। अफसर भी अलर्ट मोड पर हैं। तैयारियों को लेकर बैठकें भी कर चुके हैं। हालांकि अभी पीएमओ से हरी झंडी मिलने का इंतजार है।

एयरपोर्ट के अंदर टेंट लगाने का काम शुरू हो गया है। कुछ टेंट लग चुके तो कुछ सामान भी पहुंचा है। इससे पहले भी एयरपोर्ट के शुभारंभ की चर्चा हुई थी, लेकिन कार्यक्रम नहीं हुआ था। तब भी टेंट लगा था, लेकिन कार्यक्रम नहीं हो पाया था। अब प्रशासनिक अमला सक्रिय हो गया है। नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सीईओ आरके सिंह पिछले एक हफ्ते में दो बार नोएडा एयरपोर्ट का दौरा कर चुके हैं। प्रशासनिक अधिकारी भी सतर्क हैं और बैठकें कर रहे हैं। समारोह और रैली की तैयारियों को लेकर मंगलवार को नोएडा एयरपोर्ट परिसर में जिलाधिकारी मेधा रूपम, यमुना अथॉरिटी के सीईओ राकेश कुमार सिंह, एडिशनल कमिश्नर राजीव नारायण मिश्रा ने उद्घाटन समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने भी तैयारियों की समीक्षा की।

विकास प्राधिकरण
एडा, गौतमबुद्ध नगर
.com

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE PIONEER DELHI 19 MARCH 2026

PM invited to open Jewar airport

PIONEER NEWS SERVICE
Lucknow

Chief Minister Yogi Adityanath on Wednesday said a request has been sent to Prime Minister Narendra Modi to inaugurate the Noida International Airport at Jewar on March 28.

Addressing an event, CM Adityanath said Uttar Pradesh has significantly expanded its air connectivity in recent years.

"For connectivity in the country, especially air connectivity, Uttar Pradesh today has 16 domestic airports and four international airports. The fifth international airport in the country is coming up at Jewar. We have sent a request to Prime Minister for its inauguration on March 28 and have invited him," he said.

He added that the airport is expected to give a major boost to the State's economy.

"Imagine the scale of growth once the Jewar airport becomes operational. It is expected to generate revenue of around Rs 1 lakh crore for the Uttar Pradesh Government," the CM said.

CONTINUED ON >> P4

PM invited to open Jewar airport

The remarks come days after Noida International Airport CEO Christoph Schnellmann met Adityanath in Lucknow and presented the aerodrome licence issued by the Centre for the airport. The Noida International Airport, being developed at Jewar in Gautam Buddha Nagar district under a public-private partnership model, is a major greenfield project aimed at boosting connectivity between the National Capital Region, western Uttar Pradesh and key domestic and international destinations.

In its first phase, the airport will have one runway and a passenger terminal with an annual handling capacity of around 12 million passengers.

The terminal, spread over about 1.38 lakh square metres, will include 48 check-in counters, nine security screening lanes and nine immigration counters, along with domestic and international lounges.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

SWATANTRA BHARAT LUCKNOW 18 MARCH 2026

एयरपोर्ट पर 8.55 करोड़ की ड्रग्स बरामद

स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ। एयरपोर्ट पर मस्कट से आए एक यात्री के पास से 8.55 करोड़ का गांजा (हाइड्रोपोनिक वीड) पकड़ा गया। आरोपी यात्री को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सीमा शुल्क अधिकारियों के अनुसार, सोमवार को ओमान एयर की उड़ान (डब्ल्यूवाई 265) से लखनऊ पहुंचे एक संदिग्ध यात्री के सामान की जांच के दौरान गांजा मिला। खुफिया इनपुट के आधार पर उसके बैग की तलाशी ली गई, जिसमें प्रतिबंधित पदार्थ छिपाकर रखा गया था। जांच के दौरान यात्री के काले-भूरे रंग के बैकपैक से 17 वैक्यूम पॉलीबैग मिले। इन पैकेटों को कैमलिन कार्बन पेपर में लपेटकर छिपाया गया था। पैकेटों में हरे रंग का पदार्थ पाया गया, जिसके हाइड्रोपोनिक वीड होने की आशंका

है। बरामद पदार्थ का कुल वजन 8.552 किलोग्राम है। सीमा शुल्क विभाग ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस गांजे की अनुमानित कीमत 8,55,20,000 रुपए आंकी गई। बरामदगी के बाद मादक पदार्थ को एनडीपीएस अधिनियम की धारा 43 के तहत जब्त कर लिया गया। अधिकारियों ने आरोपी यात्री को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया, जिसे बाद में न्यायिक हिरासत में भेजा गया। मामले में आगे की जांच जारी है और तस्करी से जुड़े अन्य पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE ASIAN AGE DELHI 19 MARCH 2026

Airlines told: Keep 60% of all seats free

■ *DGCA relief for passengers* ■ *Seat those on same PNR together*

AGE CORRESPONDENT
NEW DELHI, MARCH 18

THE AVIATION regulator's moves come against the backdrop of rising concerns that airlines are levying high charges for various services, including for choosing seats

In a major relief to passengers, the Directorate-General of Civil Aviation (DGCA) has ordered all domestic airlines to keep at least 60 per cent of seats on all flights free of charge to ensure fair access. It has also directed that passengers travelling on the same PNR should be seated together, preferably in adjacent seats.

The aviation regulator's moves come against the backdrop of rising concerns that airlines are levying high charges for various services, including for choosing seats. At present, 20 per cent of seats can be booked free of charge, while the rest is paid. The rates of seats are as per location, with the front row costing the maximum, followed by window and aisle seats. Seats in the centre and in the back rows near toilets cost less.

In a post on X on Wednesday, Union civil aviation minister K. Rammohan Naidu said important directions have been issued to further strengthen passenger facilitation measures. "Sixty per cent seats free of charge, assured seating together for families, and clear, transparent norms for carriage of sports equipment, musical instruments and pets," he said. According to him, there will be stronger enforcement and visibility of passenger rights, including during delays and cancellations.

As per DGCA orders, carriage of sports equipment and musical instruments to be facilitated in a transparent and passenger-friendly manner,

■ Turn to Page 4

Airlines told: Keep 60% of all seats free

■ Continued from Page 1

subject to applicable safety and operational regulations. Besides, airlines shall also bring out clear, transparent policies for carriage of pets.

Strict adherence to passenger rights framework, particularly in cases of delays, cancellations and denied boarding; prominent display of passenger rights across airline websites, mobile applications, booking platforms, and airport counters; and, clear communication of passenger entitlements in regional languages to ensure wider accessibility and awareness are other provisions that the airlines have been told to follow to further strengthen passenger convenience, transparency and uniformity of practices across airlines.

"The ministry of civil aviation remains committed to enhancing passenger experience, ensuring transparency, reducing grievances and upholding the highest standards of safety across the aviation ecosystem," the ministry said in a statement.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

BUSINESS LINE DELHI 19 MARCH 2026

Govt mandates 60% seats on flights to be free of selection fee

PROFIT STRAIN. Airlines uneasy on rising costs; ancillary revenues account for 10-15% of income

Rohit Vaid
New Delhi

In a passenger-centric move, the Centre has directed airlines to ensure that a minimum of 60 per cent of seats on flights are made available without any additional charge (seat selection fee), while also requiring carriers to seat passengers travelling on the same PNR together, preferably in adjacent seats.

As part of a broader push to improve transparency and standardisation, the Ministry of Civil Aviation, through the Directorate General of Civil Aviation (DGCA), mandated airlines to clearly articulate policies on carriage of sports equipment, musical instruments and pets. Besides, the directions mandate airlines to prominently display passenger rights across platforms and ensure communication of entitlements in regional languages.

COST LAYERS. It is a significant move as airlines price travel components separately under unbundled services framework



BUNDLED FRAMEWORK

The move assumes significance given the current unbundled services framework, in which airlines price various components of travel separately.

At present, most seat selections are chargeable, with passengers often paying extra for preferred seats or to ensure adjacent seating even when travelling on a single booking.

Ancillary revenues, including seat selection, baggage and onboard services like food and beverages, account for 10-15 per cent of airline revenues, with seat selection contributing a relatively smaller share within this segment.

RISING COST OF OPS

There is unease in the industry over the new norms, especially given the high cost of operations.

"Given the crude oil price situation, it is very difficult for airlines to survive if the government continues to enforce policies that are financially unviable for the sector," a senior executive of a leading low-cost carrier told *businessline*.

A senior executive of another airline said that the impact on fares may be limited as seat selection charges themselves typically start at around ₹200 and form a small portion of overall ancillary revenues.

Globally, such practices are uncommon, with most aviation markets allowing airlines the flexibility to price services under deregulated frameworks.

According to Mark Martin, Founder and CEO of Martin Consulting, "Selection of seats is considered a value-plus offering and preference. Although the 60 per cent limit will continue to allow airlines to sell window and aisle seats as a 'value-plus add-on', the bigger impact I see is with the Premium Economy product, as the middle seat in Premium Economy will need to be classified as a nil-value seat."

According to Kinjal Shah, Senior Vice-President and Co-Group Head, Corporate Sector Ratings, ICRA, the DGCA directive will not have any material impact on the revenues of the airlines.

"Ancillary revenues have accounted for less than 10 per cent of the revenues of India's airlines over the last few years. Ancillary revenues comprise seat selection charges, extra baggage charges and food sales, among others," she said.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

BUSINESS LINE DELHI 19 MARCH 2026

Pilot body demands rollback of flight duty relaxations to Air India, flags fatigue risks

Press Trust of India
Mumbai

Pilots' group ALPA India on Wednesday urged the Directorate General of Civil Aviation (DGCA) to roll back the latest relaxations granted to Air India for two-pilot long-haul flights amid the West Asia conflict, saying pilots will be exposed to an "unacceptable level of fatigue risk".

SOARING TROUBLES. The temporary relaxations in FDTL norms are applicable till April 30

KEY CONCERNS

In a letter to the DGCA, the association raised concerns about the relaxation of flight duty time limitations (FDTL) norms for Boeing 787 operations in the wake of the West Asia conflict.

Last week, the DGCA provided temporary relaxations — extending the flight time by 1.30 hours to 11.30 hours and the flight duty period by 1.45 hours to 11.45 hours — in flight duty norms for Air India's long-haul flights as the airline is taking longer routes due to the airspace curbs amid the West Asia conflict, sources had said. These temporary relaxations in FDTL norms are applicable till April 30.

PRIOR CONSULTATION

While acknowledging that the relaxations were necessitated by the current situation, ALPA India flagged that there was lack of prior consultation with respect to the non-reclining pilot seats in Boeing 787 aircraft.

"The lack of prior consultation, particularly for Boeing 787 operations (non-reclining pilot seat), has understandably caused understandable concern among crews already stretched thin," the association's President Captain Sam Thomas said in the letter.

LONGER ROUTES

The DGCA has provided temporary relaxations in flight duty norms for Air India's long-haul flights as the airline is taking longer routes due to the curbs caused by the West Asia conflict.

The pilot's group sought war-risk insurance coverage for the crew, staff and passengers as a kind of explicit reassurance that they are comprehensively covered by additional insurance overriding the standard "war risk exclusion" clauses in legacy policies. "Such confirmation would alleviate deep-seated anxieties and affirm the value placed on their trust. We urge the DGCA to kindly compel airlines to confirm this by means of a special circular for the benefit of the crew and for the solace of their families," it added.

On Tuesday, the group asked members to ensure that airlines carry out "appropriate operational risk assessments" before planning flights in or near conflict-affected areas.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

BUSINESS LINE DELHI 19 MARCH 2026

Gulf Air adds flights to Chennai for stranded flyers

Aneesh Phadnis
Mumbai

Passengers stranded in Bahrain and Kuwait can now travel to India via Saudi Arabia as Gulf Air and Jazeera Airways have introduced special flights.

While Gulf Air will operate flights from Dammam to Chennai from March 21-28, Jazeera Airways of Kuwait will operate flights to six cities in India from Qaisumah airport in Saudi Arabia. Jazeera Airways has already opened bookings for its first two flights to Kochi on March 20 and 21.

LIMITED SERVICES

Airports in Bahrain and Kuwait have been closed since start of conflict on February 28. With no direct connectivity available the airlines have started limited services from airports in Saudi Arabia. Indian Embassies in Bahrain and Kuwait co-ordinated with authorities and resident associations for these services.

Chennai international airport

Gulf Air has been operating a flights from Dammam to Mumbai, Bangkok and London. On Tuesday the airline added Cairo, Casablanca and Chennai to its temporary network. Gulf Air said transport between Bahrain and Dammam will be arranged by the airline for passengers holding confirmed tickets. The airline said it will also assist with Saudi transit visas for all such passengers.

Passengers will travel overland from Kuwait to Qaisumah. From Qaisumah, they will board outbound flights to their respective destinations. Incoming flights will also follow the same route, the airline said.

IndiGo said it is resuming flights to Dubai following the latest update from its civil aviation authority. The airline will operate one flight between Mumbai and Dubai on Thursday.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

BUSINESS STANDARD DELHI 19 MARCH 2026

उड़ानों में 60 फीसदी सीट पर अतिरिक्त शुल्क नहीं

दीपक पटेल
नई दिल्ली, 18 मार्च

नागर विमानन मंत्रालय ने आज विमानन कंपनियों से कहा कि वे हर उड़ान में कम से कम 60 फीसदी सीटों को अतिरिक्त शुल्क से अलग रखे और यह सुनिश्चित करें कि एक ही पीएनआर वाले यात्रियों को आसपास ही बिठाया जाए।

यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के एक अधिकारी ने चिंता जताई थी कि विमानन कंपनियां और ट्रैवल एजेंट अपनी वेबसाइट पर 'डार्क पैटर्न' वाली तरकीबें अपना रहे हैं। वे यात्रियों को टिकट बुक करते समय या वेब चेक-इन के दौरान मनमाफिक सीट चुनने के लिए अतिरिक्त शुल्क देने के लिए उकसाते हैं। मगर वास्तव में अतिरिक्त शुल्क से मुक्त सीटों की संख्या काफी कम होती है। कई मामलों में तो अतिरिक्त शुल्क न देने पर एक ही पीएनआर वाले यात्रियों को अलग-अलग सीटों पर बिठाया जाता है जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है। अब सरकार ने हर उड़ान में 60 फीसदी सीटों को अतिरिक्त शुल्क के दायरे से अलग रखने का नियम बनाया है। मगर इससे विमानन कंपनियों की अतिरिक्त आय और विशेष रूप से पसंदीदा सीट चुने जाने से होने वाली कमाई पर असर पड़ने की आशंका है। पसंदीदा सीट चुनने पर लिया जाने वाला शुल्क विमानन कंपनियों की अतिरिक्त आय का एक बड़ा हिस्सा होता है। विमानन कंपनियां मुनाफा बढ़ाने के लिए ऐसी सेवाओं पर अधिक निर्भर होती जा रही हैं। यह रुझान इंडिगो के वित्तीय नतीजों में साफ तौर पर दिखता है। वित्त वर्ष 2026 की दिसंबर तिमाही में उसकी अन्य स्रोतों से आय एक साल पहले की समान तिमाही के मुकाबले 13.6 फीसदी बढ़कर 2,446.2 करोड़ रुपये हो गई। यह यात्रियों के टिकट से होने वाली कमाई में 6.2 फीसदी की बढ़ोतरी के मुकाबले काफी अधिक थी। **(शेष पृष्ठ 2 पर)**

बेहतर यात्रा अनुभव

- सरकार ने एक ही पीएनआर वाले यात्रियों को साथ बिठाने का बनाया नियम
- पारदर्शिता और यात्रियों का अनुभव बेहतर करने पर मंत्रालय की नजर
- यात्रियों के अधिकारों से जुड़े नियमों का सख्ती से पालन करने पर भी जोर

उड़ानों में 60% सीट पर अतिरिक्त शुल्क नहीं

पृष्ठ 1 का शेष

टिकट बिक्री से प्राप्त आय एवं अन्य स्रोतों से प्राप्त आय में अंतर उद्योग की एक बड़ी रणनीति को दर्शाता है जहां एक ओर प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए मूल किराये में अक्सर छूट दी जाती है जबकि सीट चुनने जैसी सेवाओं के लिए अतिरिक्त शुल्क लिए जाते हैं। इससे विमानन कंपनी को अपना मार्जिन बचाने में मदद मिलती है।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार बन गया है। देश के हवाई अड्डों पर रोजाना 5,00,000 से अधिक यात्रियों की आवाजाही होती है। मंत्रालय ने इस बात पर जोर दिया कि सभी विमानन कंपनियों में यात्रियों के लिए अधिक सुविधाजनक और एक जैसे नियम होने चाहिए।

मंत्रालय ने कहा है कि विमानन कंपनियों को सुरक्षा एवं संचालन संबंधी नियमों के दायरे में रहते हुए खेल के सामान, संगीत उपकरण और पालतू जानवरों को ले जाने के लिए पारदर्शी एवं यात्रियों के अनुकूल नीतियां अपनानी चाहिए।

मंत्रालय ने यात्रियों के अधिकारों से जुड़े नियमों का सख्ती से पालन करने पर भी जोर दिया है। ऐसा खास तौर पर उड़ानों में देरी, रद्द होने या बोर्डिंग से मना किए जाने के मामलों के संदर्भ में कहा गया है। विमानन कंपनियों से कहा गया है कि वे इन अधिकारों को अपनी वेबसाइट, मोबाइल ऐप, बुकिंग प्लेटफॉर्म और हवाई अड्डा काउंटरों पर प्रमुखता से प्रदर्शित करें।

विमानन कंपनियों से यह भी कहा गया है कि वे यात्रियों के अधिकारों और सुविधाओं के बारे में क्षेत्रीय भाषाओं में स्पष्ट रूप से जानकारी दें ताकि लोगों तक पहुंच और जागरूकता बढ़ सके।

मंत्रालय ने कहा कि इन उपायों से यात्रियों को मदद मिलेगी, उनकी शिकायतें कम होंगी और पूरे विमानन क्षेत्र में बेहतर पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। यह सब ऐसे समय में किया जा रहा है जब उड़ान जैसी पहल के जरिये हवाई यात्रा का विस्तार तेजी से हो रहा है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

BUSINESS STANDARD DELHI 19 MARCH 2026

विमानन शेयरों पर दबाव, गिरावट बढ़ने की चेतावनी

निकिता वशिष्ठ
नई दिल्ली, 18 मार्च

भारत का विमानन क्षेत्र नई उथल-पुथल से जूझ रहा है। ईंधन की बढ़ती लागत,नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के मुफ्त सीटों से जुड़े दिशानिर्देश और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक संकट का अल्पावधि के आय परिदृश्य पर प्रभाव पड़ रहा है।

